# कार्यालय

**अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय वाई पास रोड, अमरोहा-244221**

पत्रांक 2836 / न्यूज कटिंग / 120 दिनांक 10/06/26

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– अमरोहा।

विषयः– जनपद अमरोहा के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 10.06.2026) अमर उजाला में प्रकाशित न्यूज के संवंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (10.06.2026) में प्रकाशित न्यूज अधोहस्ताक्षरी को न्यूज पेपर के माध्यम से प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्वन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेपित है–

अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| "ओवरहेड टैंक बनकर तैयार, फिर भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी" | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 495 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 884) में 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 493 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 183 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 95.43 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन विछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप विछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेवल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ ढकिया मूड़ पेयजल योजना वि0ख0 गजरौला योजना के कार्य मैसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, वाउड्रीवॉल का कार्य पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 5.5 कि0मी0 के सापेक्ष 5.50 कि0मी0 पूर्ण व गृहजल संयोजन 302 नग के सापेक्ष 278 नग पूर्ण एवं रास्तों को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है। योजना पर विद्युत |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | बिल अवशेष होने के कारण विद्युत विभाग द्वारा पेयजल योजना का विद्युत संयोजन काट दिया गया है, जिस कारण योजना पर पेयजलापूर्ति बाधित है। विद्युत यांत्रिक खण्ड उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मुरादाबाद को उक्त योजना पर विद्युत बिल जमा कराकर पेयजलापूर्ति सुचारू करने हेतु अनुरोध किया गया है। योजना पर विद्युत संयोजन पुर्नस्थापित होने के उपरान्त योजना पर पेयजलापूर्ति सुचारू कर दी जायेगी। |

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दिया गया है, माह दिसम्बर 2027 तक धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितं।

1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) लखनऊ।
2— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।
3— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।
4— जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।
5— अधिशासी अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद को इस अनुरोध के साथ कि प्रभावी अनुश्रवण कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0।
7— फर्म मै0 पी.एन.सी.—एस.पी.एम.एल. (जेवी) मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि उक्त योजना पर विद्युत बिल का भुगतान करते हुए विद्युत संयोजन पुर्नस्थापित करा कर ग्राम में नियमित रूप से क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

# ओवरहेड टैंक बनकर तैयार, फिर भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

## गर्मी में हैंडपंपों और सबमर्सिबल पर निर्भर हैं खेड़की भूड़ व ढकिया भूड़ के ग्रामीण


संवाद न्यूज एजेंसी

गजरौला। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर में साफ पानी पहुंचाने के लिए मिशन के अधिकारी व कर्मचारी ओवरहेड टैंक तो बनाए गए मगर व पाइप लाइन बिछाकर टोंटी लगाना भूल गए।

सवा करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी खेड़की भूड़ खालसा व ढकिया भूड़ के ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के लिए हैंडपंप और सबमर्सिबल पर निर्भर हैं।

ब्लॉक की ग्राम पंचायत ढकिया भूड़ में खेड़की भूड़ खालसा मजरा लगता है। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए वर्ष-2023 में खेड़की भूड़ खालसा में ओवरहेड टैंक बनाने और पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया। इस पर करीब सवा करोड़ रुपये खर्च किया गया।

भूड़



गजरौला के खेड़की भूड़ खालसा में ओवरहेड टैंक। संवाद




पाइप लाइन से पानी मिलना तो दूर दोनों गांवों में 50 फीसदी घरों में भी टोंटी नहीं लगीं। उन्होंने कई बार शिकायत कर ली, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।- संजीव कुमार, ग्राम प्रधान ढकिया भूड़



पाइप लाइन बिछ जाने के बाद भी गांव के लोग पेयजल के लिए सबमर्सिबल और हैंडपंप पर निर्भर हैं। बिजली नहीं आने पर सबमर्सिबल भी नहीं चलता। -मुनेश देवी, गृहिणी



जल जीवन मिशन के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा दोनों गांवों के लोग भुगत रहे हैं। पेयजल की आपूर्ति शुरू कर देते तो लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। -सीमा देवी, गृहिणी



ओवरहेड टैंक पूर्ण रूप से तैयार ही नहीं है। पानी मिलना तो दूर। सड़क तोड़कर सुध नहीं ली। हैंडपंप से पानी भरकर ही काम चला रहे हैं।-सतपाल सिंह, ग्रामीण



गांव के लोगों को पाइप लाइन से पानी तो नहीं मिला। सड़क तोड़कर छोड़ देने से दुश्वारियां जरूर झेलनी पड़ रही हैं। बारिश में टूटी सड़क पर वाहन हादसे का शिकार हो जाते हैं।-प्रीति देवी, गृहिणी

■ पाइप लाइन बिछाने के लिए दोनों गांवों की हरेक गली की पक्की सड़क को तोड़ दिया गया। मगर इसके बाद भी दोनों गांवों के लोगों को पाइप लाइन से पानी नहीं मिल रहा है। वह हैंडपंप और सबमर्सिबल से पेयजल आपूर्ति कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली नहीं आने पर सबमर्सिबल पंप बंद रहता है। ऐसे में दिक्कत और अधिक आती है।

Scanned with CamScanner